University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

100 Years 1920-2020

# University in News on 14 June 2020

## NBT Page 1 & 6

# कोरोना काल में पहली पसंद बन रहा है एलयू



एलयू का अनुमान, इस साल 50 हजार के करीब आ सकते हैं आवेदन

■ एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए इस साल ज्यादा अभ्यर्थियों ने रुचि दिखाई है। जानकारी के मुताबिक, इस साल करीब 40 हजार आवेदन आ चुके हैं, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 33 हजार तक ही पहुंच पाया था। वहीं, दावा है कि कोरोना संकट की वजह से आवेदन की संख्या में इजाफा हुआ है।

एलयू प्रशासन के मुताबिक, पहले जो अभ्यर्थी सिविल की तैयारी के साथ डीयू में ग्रैजुएशन के लिए दिल्ली जाते थे, वह कोरोना संक्रमण की वजह से बाहर एलयू में ही आवेदन कर रहे हैं। एलयू प्रशासन का अनुमान है कि आवेदन की अंतिम तारीख 30 जून है। ऐसे में इस साल 50 हजार के करीब आवेदन आ सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो यह पहली बार होगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि पिछले तीन महीनों में एलयू के वेबसाइट पर 70 लाख विजिटर आए हैं। ऑनलाइन पढ़ाई और अन्य ऐक्टिविटी की वजह से एलयू एक ब्रांड बन गया है, जिससे अभ्यर्थी एलयू में ज्यादा आवेदन कर रहे हैं।

### ट्रेंड में ये कोर्स

- बीकॉम
- बीए
- बीएससी (मैथ्स)
- एलएलबी (ऑनर्स)
- बीएससी (बायो)
- बीसीए



# बीएडः अब 19 जून तक कर सकेंगे आवेदन

एलयू की ओर से आयोजित करवाई जा रही बीएड प्रवेश परीक्षा 2020 में तीन नए केंद्रों के चयन के लिए अंतिम तारीख 14 जून से बढ़ाकर 19 जून कर दी गई है। पूर्व में दिए विकल्पों की जगह अगर अभ्यर्थी नए विकल्पों का चयन करना चाहते हैं तो उन्हें आवेदन पत्र को उसी रजिस्ट्रेशन संख्या से दोबारा लॉगइन करना होगा।

## HINDUSTAN Page 8

# परीक्षा केंद्र में बदलाव के आवेदन 19 तक

**लखनऊ।** बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई बीएड) 2020 के लिए परीक्षा केंद्र में बदलाव के लिए आवेदन अब 19 जून तक किए जा सकेंगे। लविवि की ओर से इसके आदेश जारी कर दिए हैं। प्रदेश समन्वयक (जेईई बीएड) प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि इसी मकसद से 8 जून से 14 जून तक सभी अभ्यर्थियों को नए परीक्षा केंद्र के चयन का अवसर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि इसके तहत अभ्यर्थी अपने निवास स्थान के निकट के 3 जिलों का चयन परीक्षा केंद्र के रूप में कर सकते हैं।

## i-Next Page 5

# 19 जून तक अब कर सकेंगे आवेदन

**LUCKNOW(13 JUNE) :** लखनऊ यूनिवर्सिटी की देखरेख में आयोजित किए जा रहे बीएड इंट्रेंस एग्जाम के लिए कंडीडेट्स को तीन नए केंद्रों के चयन के लिए अब अधिक समय मिलेगा. इसके लिए उन्हें तीन दिन अतिरिक्त समय दिया गया है. अब तक परीक्षा केंद्र का चयन 14 जून तक नहीं बल्कि 19 जून तक किया जा सकता है. बताते चले कि कंडीडेट्स पूर्व में भरे गए विकल्पों की जगह नए विकल्प भी भर सकता है. इसके लिए वे आवेदन पत्र को उसी रजिस्ट्रेशन संख्या से दोबारा लॉगइन करना होगा. इसके बाद वे दिए गए केंद्रों में से किन्हीं तीन नए केन्द्रों का चयन कर सकते हैं. स्टूडेंट्स को कोई परेशानी न हो इसके लिए यह निर्णय यूनिवर्सिटी की ओर से लिया गया है.

## THE PIONEER Page 4

# BEd-JEE: LU extends last date for submitting choice of centres

PNS ■ LUCKNOW

Lucknow University is making efforts to ensure that JEE-BEd (2020) is conducted in all districts of Uttar Pradesh keeping in mind the convenience of candidates. The university has extended the last date of submitting the choice of filling for centres from June 14 to June 19.

State coordinator, JEE-BEd (2020) Amita Bajpai said all the candidates had been given an opportunity to select any three districts as examination centres near their present location.

"This process has been started from June 8 and will conclude on June 14. Candidates are changing their centres as per their new choices. Though the last date for selection of new centre is June 14, many candidates have been unable to change their choices and were demanding the extension of last date. Keeping in mind the request of candidates, the last date for choice filling is being extended till June 19 midnight so that maximum candidates can avail of this facility," she said.

Meanwhile, with the university's attention being drawn to a city college calling their students for submitting admission forms, it issued clear-cut directions that the process should be online.

## AMAR UJALA Page 4

# अब 19 तक बदल सकेंगे बीएड प्रवेश परीक्षा केंद्र

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र बदलने की अवधि 14 जून से बढ़ाकर 19 जून कर दी है। कोरोना संकटकाल में अभ्यर्थियों की मांग को देखते हुए यह निर्णय किया गया है।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2020 की समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि विकल्प बदलने के लिए अभ्यर्थी को रजिस्ट्रेशन संख्या से लॉग इन करना होगा। वे अपने निवास के निकट तीन नए विकल्पों का चयन कर सकते हैं। यदि इनमें से किसी भी शहर को परीक्षा केंद्र बनाना संभव नहीं होता है तो मूल आवेदन पत्र में दिए गए विकल्पों में से किसी एक शहर का आवंटन कर दिया जाएगा। ब्यूरो